दिनांक 14.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान द्वारा अमृत मिशन योजना के अंतर्गत जोंन 04 शिवाजी नगर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड 39 पुरैना में निर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री चौहान ने निर्माणाधीन पनी टंकी के बाउन्ड्रीवाल के समीप बनी नाली से गंदा पानी बह कर तालाब में जा रही है जिसके कारण तालाब का पानी दुषित हो रहा है उक्त नाली से बहने वाले गंदे पानी के बहाव के लिए दुसरी दिशा से नाली निर्माण किये जाने का निर्देश जोन आयुक्त श्री संजय शर्मा को दिया गया। अमृत मिशन के सहायक अभियंता श्री सुनील जैन से पानी की टंकी निर्माण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

श्री चौहान ने वार्ड 39 पुरैना भ्रमण के दौरान वार्ड के नागरिकों के द्वारा आंगनबाड़ी भवन की मांग की गई जिसपर श्री चौहान ने शासकीय भूमि चिन्हित कर प्राक्कलन तैयार करने, वार्ड में बने मंगल भवन का पूर्ण रुप से निरीक्षण किया गया तथा इस भवन के रखरखाव, साफ–सफाई, विद्युत व्यवस्था, एवं पेयजल व्यवस्था नियमित रुप से बनी रहे के निर्देश जोन आयुक्त को दिये। जोन आयुक्त द्वारा वार्ड में किये जाने वाले अन्य विकास कार्य के संबंध में कार्ययोजना से अवगत कराया।

वार्ड भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के साथ जोन आयुक्त श्री संजय शर्मा, सहायक यंत्री अखिलेश चन्द्राकर, जनसम्पर्क अधिकारी श्री सुभाष सिंह ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक महेश मिश्रा, प्रभारी अधिकारी असंगठित कर्मकार शरद दुबे, स्वच्छता पर्यवेक्षक रामायण सिंह, उपस्थित थे।

जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम, भिलाई